किंडरगार्टन (KGs) में नर्सरी (K1) कक्षाओं के लिए दाखिले की व्यवस्था पर अभिभावकों के लिए सूचना

(न्यूनतम 2 वर्ष और 8 महीने
की आयु वाले बच्चों के लिए लागू)

KGs में शामिल है

- योजना में शामिल होने वाले KGs या K1 प्रवेश व्यवस्थाओं में भाग लेने वाले गैर-योजनाबद्ध स्थानीय KGs के लिए लागू

- K1 प्रवेश व्यवस्थाओं में शामिल होने वाले गैर-योजनाबद्ध स्थानीय KGs की सूची EDB's की वेबसाइट पर उपलब्ध है: https://www.edb.gov.hk/k1-admission_e

K1 दाखिला व्यवस्थाएँ

उपाय

(1) आवेदन पत्रों का वितरण
(2) स्कूल-आधारित प्रवेश तंत्र
(3) "प्रत्येक बच्चे के लिए एक से अधिक स्थान नहीं" उपाय
(4) चीनी भाषा न बोलने वाले (NCS) बच्चों के लिए दाखिले में सहायता
(5) रिक्ति की सूचना जारी करना
(6) छात्रों के लिए रेफरल व्यवस्था

उपाय

(1) आवेदन पत्रों का वितरण

- वितरित किए जाने वाले फ़ॉर्म की संख्या को सीमित नहीं करना चाहिए और कतार में खड़े होने से बचने के लिए एकत्र किए जाने वाले आवेदन फ़ॉर्म की संख्या पर कोटा निर्धारित नहीं करना चाहिए।
- नवम्बर से पहले बाल-आवेदकों का साक्षात्कार नहीं होना चाहिए।

उपाय

(2) स्कूल-आधारित प्रवेश तंत्र

- KGs को स्कूल आधारित प्रवेश प्रणाली की शुरूआत करनी चाहिए जिसमें प्रवेश प्रक्रिया और मापदंड, और साक्षात्कार लिए जाने वाले बाल-आवेदकों की संख्या, इत्यादि शामिल हैं।
- निष्पक्ष, न्यायपूर्ण और स्पष्ट होनी चाहिए।
- मौजूदा भेदभाव-विरोधी क़ानून और अन्य संबंधित क़ानून/अध्यादेश का अनुपालन करते हुए होनी चाहिए, जिसमें शामिल हैं:
  - लिंग भेदभाव अध्यादेश, विकलांगता भेदभाव अध्यादेश, पारिवारिक स्थिति भेदभाव अध्यादेश, नस्ल भेदभाव अध्यादेश;
  - व्यक्तिगत विवरण (गोपनीयता) अध्यादेश, रिश्वतखोरी रोकथाम अध्यादेश आदि.
  - EDB द्वारा जारी परिपत्र और दिशा-निर्देश, जैसे कि KGs द्वारा प्रदान किये गए आवेदन प्रत्र और संबंधित जानकारी चीनी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अवश्य होनी चाहिए

उपाय

(2) स्कूल-आधारित प्रवेश तंत्र

- सभी किंडरगार्टन को शिक्षा ब्यूरो के परिपत्र संख्या 16/2025 के अनुसार गैर-स्थानीय बच्चों और मान्यता का एक रूप रखने वाले बच्चों के हांगकांग के स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया पर ध्यान देना चाहिए।

- योजना के तहत सब्सिडी के लिए पात्र होने और RC जारी किए जाने के लिए बच्चों को हांगकांग में निवास का अधिकार, भूमि का अधिकार या हांगकांग में रहने की किसी भी शर्त (ठहरने की सीमा के अलावा) के बिना रहने की वैध अनुमति होनी चाहिए। आप्रवासन निदेशक से अनुमति प्राप्त करने पर, गैर-स्थानीय बच्चे (जैसे मान्यता का एक रूप रखने वाले बच्चे और ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता छात्र वीजा पर हैं) हांगकांग में शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन वे योजना के तहत सब्सिडी के लिए पात्र नहीं हैं।

उपाय

(2) स्कूल-आधारित प्रवेश तंत्र

- सम्पूर्ण दिन (WD)/दीर्घ WD सेवाओं के आवेदनों पर विचार करते समय:
  - KGs को उन परिवारों को उचित प्राथमिकता देनी चाहिए जिनको WD/LWD सेवाओं की आवश्यकता है (जैसे कि परिवार जिनमें कामकाजी माता-पिता हैं, जिन्हें घर पर परिवार के विकलांग सदस्य(सदस्यों) की देखभाल करने की आवश्यकता है, आदि)
  - घोषित प्रवेश मापदंड में संबंधित शर्तों को शामिल किया जाना चाहिए

उपाय

(2) स्कूल-आधारित प्रवेश तंत्र

- KGs को स्कूल की वेबसाइट पर नीचे दी गई जानकारी को सितम्बर के मध्य तक अपलोड करने की और/या अन्य माध्यमों के द्वारा माता-पिता को अग्रिम में सूचित करने की आवश्यकता है।

1

दाखिले के आवेदन के विषय में जानकारी

- आवेदन प्रपत्रों को वितरित करने के तरीके
- आवेदन प्रपत्रों को वितरित करने की तारीख और अवधि
- आवेदन प्रक्रिया
- आवेदन शुल्क
  (यदि लागू हो तो)
- आवेदन पत्रों को जमा करने के तरीके
- आवेदन पत्रों को जमा करने की तारीख और समय

2

स्कूल-आधारित दाखिला प्रणाली

- साक्षात्कार लिए जाने वाले बाल-आवेदकों की संख्या
- साक्षात्कार का प्रारूप और व्यवस्थाएं
- दाखिले के मापदंड

3

पंजीकरण प्रक्रिया

- दाखिले के परिणामों की घोषणा पर व्यवस्था
- केंद्रीकृत पंजीकरण की तिथियाँ
- पंजीकरण के लिए वैध इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण दस्तावेज प्रस्तुत करने और पंजीकरण शुल्क (राशि सहित) के भुगतान की व्यवस्था
- प्रतीक्षा सूची वाले बच्चों के पंजीकरण की व्यवस्था
- पंजीकरण करवाने के बाद स्कूल बदल लेने वाले बच्चों के लिए पंजीकरण की व्यवस्था

उपाय

(2) स्कूल-आधारित प्रवेश तंत्र

- KGs को स्कूल की वेबसाइट पर नीचे दी गई जानकारी को सितम्बर के मध्य तक अपलोड करने की और/या अन्य माध्यमों के द्वारा माता-पिता को अग्रिम में सूचित करने की आवश्यकता है।

4

"KGs और KG-सह-बाल देखभाल केंद्रों की प्रोफाइल" में KG's स्कूल की जानकारी को दर्शाने वाले वेबपेज का लिंक

5

किंडरगार्टन में नर्सरी (K1) कक्षाओं के दाखिले की व्यवस्था पर EDB's की वेबसाइट का लिंक

6

अन्य संबंधित जानकारी जैसे कि स्कूल का परिचय और स्कूल फीस की जानकारी

उपाय

(3) "प्रत्येक बच्चे के लिए एक से अधिक स्थान नहीं" उपाय

- **इस सिद्धांत के आधार पर कि प्रत्येक बच्चे को केवल एक ही KG में भाग लेना चाहिए, और बच्चों को अनुदानित KG शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ सरकारी संसाधनों के उचित उपयोग के समान अवसर प्राप्त करने में समर्थ बनाने के लिए, स्तर की परवाह किये बगैर (जैसे कि K1, K2, K3), सभी स्कीम-KGs बच्चों को केवल वैध पंजीकृत दस्तावेज़ के साथ दाखिला दे सकते हैं।**

  - **योजना-KGs केवल वैध पंजीकृत दस्तावेज़ रखने वाले बच्चों को ही दाखिला दे सकते हैं , यानी "किंडरगार्टन प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रमाण पत्र" (इसके बाद "RC" के रूप में संदर्भित) या "किंडरगार्टन प्रवेश पास" (इसके बाद "AP" के रूप में संदर्भित), और संबंधित प्रक्रिया को पूरा करने के लिए वैध इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण दस्तावेजों पर एन्क्रिप्टेड QR कोड को स्कैन करेगा या पंजीकरण के समय बच्चों से वैध पंजीकरण दस्तावेज एकत्र करेगा।**

  - **यदि माता-पिता KG को इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण दस्तावेजों पर QR कोड स्कैन करने या वैध पंजीकरण दस्तावेज जमा करने की अनुमति देने में असमर्थ हैं, भले ही वे पूरी फीस जमा करवाने के इच्छुक हों, संबंधित KG उनके बच्चों को दाखिल नहीं कर सकते।**

उपाय

(3) "प्रत्येक बच्चे के लिए एक से अधिक स्थान नहीं" उपाय इलेक्ट्रॉनिक RC / AP (e-RC / AP)

編號 :
Serial No: 25000292

幼稚園入學註冊證
Registration Certificate for Kindergarten Admission

此註冊證供以下兒童登記入讀幼稚園之用。
This Registration Certificate serves as the registration document for kindergarten admission for the following child.

中文姓名 : ---
English Name : UAT NINE B
證件類別/ 編號 Document Type / No. :
香港身份證
Hong Kong Identity Card / C1234224
出生日期 Date of Birth (dd/mm/yyyy) : 01/05/2022
[本註冊證在2025/26學年起開始生效，直至2027/28學年完結為止。
This Registration Certificate is valid from the start of the 2025/26 school year up to the end of the 2027/28 school year.]

(請小心細閱列於背頁的重要事項)
(Please read carefully the list of important points overleaf)

中華人民共和國香港特別行政區政府
教育局
Education Bureau
The Government of the Hong Kong Special Administrative Region of the People's Republic of China

15/11/2024
發出日期
Date of Issue

- सार्वजनिक सेवाओं के डिजिटलीकरण के सरकारी नीतिगत उद्देश्य के अनुरूप, EDB ने जून 2025 में **इलेक्ट्रॉनिक RC/AP ("e-RC/AP")** की शुरुआत की।
- प्रत्येक e-RC/AP में एक एन्क्रिप्टेड QR कोड होगा। जब अभिभावक KG में पंजीकरण करा रहे होंगे, तो KG स्टाफ को केवल e-RC/AP पर दिए गए QR कोड को स्कैन करना होगा और पंजीकरण प्रक्रिया अपने आप पूरी हो जाएगी। इस प्रकार, KG को अब अपने छात्रों के लिए RC/AP की कागज़ी प्रतियाँ एकत्र करने और रखने की आवश्यकता नहीं होगी।

उपाय

(3) "प्रत्येक बच्चे के लिए एक से अधिक स्थान नहीं" उपाय इलेक्ट्रॉनिक RC / AP

किंडरगार्टन प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र

किंडरगार्टन प्रवेश पास

वीडियो: "किंडरगार्टन प्रवेश के लिए इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण प्रमाणपत्र / किंडरगार्टन प्रवेश पास" के लिए आवेदन कैसे करें

https://www.edb.gov.hk/attachment/en/edu-system/preprimary-kindergarten/kindergarten-k1-admission-arrangements/How_to_apply_for_eRC_AP_EN.mp4

वीडियो: माता-पिता को इलेक्ट्रॉनिक "किंडरगार्टन पंजीकरण / प्रवेश पास के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र" के आवेदन परिणामों के बारे में कैसे सूचित किया जाएगा



https://www.edb.gov.hk/attachment/en/edu-system/preprimary-kindergarten/kindergarten-k1-admission-arrangements/Application_result_eRC_AP_EN.mp4

उपाय

➢ e-RC का उपयोग

- अभिभावक बच्चे को प्रवेश दिलाने वाले KG से संपर्क करते हैं और QR कोड (फ़ोन पर प्रदर्शित या कागज़ पर मुद्रित) प्रदान करते हैं।
- KG e-RC पर QR कोड स्कैन करता है और पंजीकरण पूरा हो जाता है।
- पंजीकरण के बाद, बच्चे का पंजीकरण रिकॉर्ड स्वचालित रूप से EDB के सिस्टम पर अपलोड हो जाएगा।



उपाय

पंजीकरण के लिए e-RC का उपयोग

e-RC से पहले

माता-पिता बच्चे के पंजीकरण के लिए संबंधित KG में RC जमा करते हैं। सत्यापन के बाद, RC KG द्वारा अपने पास रख लिया जाएगा।

e-RC के बाद

माता-पिता संबंधित KG को सत्यापन के लिए स्कैन करने के लिए e-RC पर QR कोड प्रदान करते हैं।

उपाय

पंजीकरण रद्द करने और स्कूल बदलने के लिए e-RC का उपयोग करना

e-RC से पहले



माता-पिता को मूल KG से RC वापस करने का अनुरोध करना होगा। वे RC किसी अन्य KG में जमा करके अपने बच्चे का पंजीकरण करा सकें।

e-RC के बाद

अभिभावकों को मूल KG को e-RC/AP पर QR कोड स्कैन करने की अनुमति देनी चाहिए ताकि उनका पंजीकरण रद्द किया जा सके। वे किसी अन्य KG को e-RC/AP पर QR कोड स्कैन करके अपने बच्चे का पंजीकरण कराने की अनुमति दे सकते हैं।

वीडियो: "किंडरगार्टन प्रवेश के लिए इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण प्रमाणपत्र / किंडरगार्टन प्रवेश पास" का उपयोग कैसे करें?

https://www.edb.gov.hk/attachment/en/edu-system/preprimary-kindergarten/kindergarten-k1-admission-arrangements/How_to_use_eRC_AP_TC_EN.mp4

किंडरगार्टन दाखिले के लिए पंजीकरण सर्टिफिकेट (RC)

(आवेदन सितम्बर से शुरू होता है)

आवेदन पत्र भरना – ध्यान देने योग्य बिंदु

- आवेदन पत्र और दिशा-निर्देश बिंदु का नमूना संदर्भ हेतु विभिन्न प्रमुख भाषाओं में अनुवादित किया गया है और EDB की वेबसाइट पर उपलब्ध है
- आवेदकों को चीनी या अंग्रेजी आवेदन पत्र ही भरना होगा

KG में दाखिले के लिए पंजीकरण सर्टिफिकेट का आवेदन पत्र - नमूना

- आवेदन पत्र EDB के **जिला कार्यालयों और क्षेत्रीय शिक्षा कार्यालयों** से प्राप्त किए जा सकते हैं या **EDB की वेबसाइट से डाउनलोड** किए जा सकते हैं

Education Bureau
The Government of the Hong Kong Special Administrative Region of the People's Republic of China

APPLICATION FOR REGISTRATION CERTIFICATE FOR KINDERGARTEN ADMISSION

(Parents are required to submit an application between September and November 2025 for their child(ren) going to study in Nursery Class (K1) in the 2026/27 school year)

Part I Particulars of Applicant

1. Title* — 1 Mr. 2 Ms. 3 Miss
2. Name in English
3. Name in Chinese
4. Identity Document Type & No. — A HKID Card No.: / B Other Identity Document: Document No.:
5. Year of Birth
6. Home Address — Flat, Floor, Block; Name of Building; Estate / Village; No. & Name of Street; District; Area — 1 HK 2 KLN 3 NT
7. Correspondence Address in HK — Flat, Floor, Block; Name of Building; Estate / Village; No. & Name of Street; District; Area — 1 HK 2 KLN 3 NT
8. Local Contact Telephone No. (mobile*) (home)

Part II Particulars of child(ren)

1.a. Name in English (mandatory)
b. Name in Chinese
c. Identity Document Type & No. — A HK Birth Certificate No: / B HKID Card No.: / C Other Identity Document: Document No.:
d. Date of Birth
e. Relationship with Applicant — A Child / B Other (please specify in Part III with relevant supporting proofs)
f. School Year Applying for — C 2026/27 school year / E 2025/26 school year
g. Class Applying for — N Nursery Class (K1) / L Lower Class (K2) / U Upper Class (K3)

2.a. Name in English (mandatory)
b. Name in Chinese
c. Identity Document Type & No. — A HK Birth Certificate No: / B HKID Card No.: / C Other Identity Document: Document No.:
d. Date of Birth
e. Relationship with Applicant — A Child / B Other
f. School Year Applying for — C 2026/27 school year / E 2025/26 school year
g. Class Applying for — N Nursery Class (K1) / L Lower Class (K2) / U Upper Class (K3)

Part III Other Special Family Information

Relationship with the child (Please specify)

Part IV Language of Correspondence

1. Language of correspondence — C Chinese / E English

Part V Undertaking and Declaration

9. Personal Information Collection Statement

Signature of Applicant:

Date: Y M D

Checklist for Submission of Application

2026/27 स्कूल वर्ष के लिए RC के आवेदन पत्र में व्यक्तिगत जानकारी संग्रहण विवरण से संबंधित प्रासंगिक शर्तों को अद्यतन किया जाएगा। अभिभावकों को याद दिलाया जाता है कि आवेदन पत्र भरने के लिए वे नवीनतम संस्करण का उपयोग करें।

आवेदन पत्र भरना – ध्यान देने योग्य बिंदु

भाग I आवेदक का विवरण (छात्र के पिता/माता का विवरण)

1.	Title*	# 1 Mr. 2 Ms. 3 Miss
2.	Name in English (in the same order as stated on the identity document)	
3.	Name in Chinese	

- अपना अंग्रेजी और चीनी नाम उसी क्रम में रखें जैसा कि आपके पहचान पत्र में दिया गया है|

4.	Identity Document Type & No. (please refer to para 1.3 of Part B of the Guidance Notes)	# A HKID Card No.: ( )
		B Other Identity Document: ______ Document No.: ______

- यदि HKID कार्ड उपलब्ध नहीं है, तो आपको "Other Identity Document" भाग को पूर्ण करना होगा और अन्य वैध पहचान दस्तावेजों (जैसे कि मेनलैंड पहचान पत्र, यात्रा दस्तावेज़, आदि) की प्रतियों को जमा करवाना होगा|

6. Home Address — Flat | Floor | Block
Name of Building
Estate / Village
No. & Name of Street
District
Area # 1 HK 2 KLN 3 NT

7. Correspondence Address in HK — Flat | Floor | Block
(please leave blank if it is the same as the home address)
Name of Building
Estate / Village
No. & Name of Street
District
Area # 1 HK 2 KLN 3 NT

- पत्राचार का पता हांगकांग के संभाग का ही एक पता होना चाहिए। यदि आप हांगकांग में नहीं रहते, तो कृपया घर के पते के अलावा हांगकांग में पत्राचार के लिए एक पता प्रदान करें।

8. Local Contact Telephone No. (mobile*) (home)
For receiving "Acknowledgement of Application" by SMS

- यदि आप अपने आवेदन प्राप्ति की रसीद के लिए SMS प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपको एक वैध स्थानीय मोबाइल फ़ोन नंबर प्रदान करना होगा।

आवेदन पत्र भरना – ध्यान देने योग्य बिंदु

भाग II आवेदक का विवरण

1.a. Name in English **(mandatory)**
(in the same order as stated on the identity document)

b. Name in Chinese

- **योग्यता मापदंड को पूरा करें**
- **अंग्रेजी और चीनी नाम उसी क्रम में रखना चाहिए जैसा कि पहचान पत्र में दिया गया है।**

c. Identity Document Type & No. # (please refer to para 2.3 of Part B of the Guidance Notes)

A	HK Birth Certificate No:	( )
B	HKID Card No.:	( )
C	Other Identity Document: ____________	Document No.: ____________

छात्र के हांगकांग निवासी होने की स्थिति को साबित करने के लिए, आवेदक को छात्र के **हांगकांग जन्म प्रमाणपत्र** (“Status of Permanent Resident” कॉलम में दर्शाते हुए “Established” शब्द के साथ) की प्रति को जमा करवाना चाहिए।

यदि यह उपलब्ध नहीं है या यदि हांगकांग जन्म प्रमाणपत्र पर शब्द “Not Established” इंगित है, तो आवेदक को छात्र (छात्रों) (हांगकांग जन्म प्रमाणपत्र की प्रति के साथ, यदि उपलब्ध हो तो) का इनमें से कोई एक वैध पहचान दस्तावेज़ अवश्य जमा करवाना होगा-

(a) हांगकांग विशेष आधिकारिक क्षेत्र (HKSAR) पुनः-प्रवेश अनुमति पत्र;
(b) वीजा उद्देश्यों के लिए पहचान के HKSAR दस्तावेज़ (पृष्ठ 1 से 3);
(c) HKSAR पासपोर्ट;
(d) हांगकांग का स्थायी पहचान पत्र;
(e) निकासी का एक-तरफ़ा परमिट और वीजा उद्देश्यों के लिए पहचान का HKSAR दस्तावेज़;
(f) HKSAR सरकार द्वारा जारी किया गया प्रवेश का परमिट या किसी अन्य देश/क्षेत्र द्वारा जारी किये गए यात्रा के दस्तावेज़ जिसमें हांगकांग में बिना किसी शर्त के रूकने की (रूकने की मियाद के अलावा) दी गई वैध अनुमति हो; या
(g) HKSAR (ID235B) में ही रूके रहने की अनुमति।

यदि छात्र का पहचान दस्तावेज़ ऊपर दी गई श्रेणी (f) या (g) में आता है, तो आवेदक और छात्र को EDB को भी अपने वैध यात्रा के दस्तावेज़ की प्रति (जिसमें धारक के विवरण वाले पृष्ठ के साथ, HKSAR सरकार के आप्रवासन विभाग द्वारा जारी नवीनतम ई-वीजा या वीजा लेबल और आप्रवासन विभाग द्वारा मुहर लगा हुआ “Permission to remain” या “landing slip” जिसमें आवेदक और छात्र की कानूनी रूप से रुकने की नवीनतम अवधि इंगित हो, शामिल है) को पेश करना होगा।

d. Date of Birth ____ Y __ M __ D

- K1 में भाग लेने की न्यूनतम आयु 2 वर्ष और 8 महीने है

e.	Relationship with Applicant	# A Child	B Other	(please specify in Part III with relevant supporting proofs)
f.	School Year Applying for (please refer to para 2.1 of Part B of the Guidance Notes)	# C 2026/27 school year	E 2025/26 school year	
g.	Class Applying for (with regard to the school year selected in item f)	# N Nursery Class (K1)	L Lower Class (K2)	U Upper Class (K3)

भाग III अन्य विशेष पारिवारिक जानकारी

If you have filled in Part II particulars of any child who is **not** a child of yours, please specify your relationship with the child. Please also provide copy of the identity document and original authorisation letter of the child's father / mother. If such documents cannot be presented, and the child is now under your guardianship, please provide relevant supporting proofs.

Relationship with the child (Please specify) ____________________

- यदि छात्र आपका बच्चा नहीं है, तो छात्र के साथ अपने रिश्ते को निर्दिष्ट करें और छात्र के पिता/माता के पहचान दस्तावेज़ की प्रति, और साथ ही एक मूल प्राधिकार पत्र प्रदान करें।

आवेदन पत्र भरना – ध्यान देने योग्य बिंदु

भाग IV पत्राचार की भाषा

1. Language of correspondence # | C | Chinese | E | English

भाग V वचन और घोषणा

Signature of Applicant: ____________________

Date: | | | | | Y | | | M | | | D

- दिशा-निर्देश के पदों को ध्यान से पढ़ें और दिए गए स्थान पर हस्ताक्षर करें। यदि इस भाग पर सही तरीके से हस्ताक्षर नहीं हुए हैं तो EDB आवेदन पर कार्यवाही नहीं करेगा।

भाग VI आवेदन जमा करने के लिए सूचीपत्र

1. Has the application form been correctly filled in and Part V Undertaking and Declaration duly signed? ☐
2. Has copy of your identity document been attached? ☐
3. Has copy of the identity document of all child(ren) been attached? ☐
4. If the child is **not** a child of yours, have you specified your relationship with the child in Part III of the application form with relevant supporting proofs (copy of the identity document and original authorisation letter of father / mother of the child)? ☐
5. Have you provided the correspondence address in Hong Kong? ☐
6. For application by post, have you written the correct postal address of EDB (**P.O. Box 23179, Wan Chai Post Office, Hong Kong**) and affixed sufficient postage to the envelope for mailing the application? Please note any underpaid mail items will be disposed of by the Hongkong Post. ☐
7. Have you retained a photocopy of the completed application form? ☐

- पूर्ण की गई कार्यवाही के लिए कृपया उचित बॉक्स पर इंगित करें।

आवेदन को कागजी रूप में जमा करने के लिए सूचीपत्र

- आवेदन पत्र, वचन और घोषणापत्र को पूर्णतः भरा और विधिवत हस्ताक्षरित किया गया है
- आवेदक के पहचान दस्तावेज़ की प्रति संलग्न की गई है
- बाल-आवेदक के पहचान दस्तावेज़ की प्रति संलग्न की गई है
- यदि बच्चा आपका बच्चा नहीं है, तो बच्चे के साथ आपके संबंध को अनुरूप सहायक प्रमाणों (पहचान दस्तावेज की प्रति और बच्चे के पिता/माता के प्राधिकार पत्र की प्रति) के साथ आवेदन पत्र में निर्दिष्ट किया गया है

आवेदन को कागजी रूप में जमा करने के लिए सूचीपत्र

- हांगकांग में पत्राचार का पता प्रदान किया गया है
- आवेदन को भेजने के लिए लिफ़ाफ़े पर पर्याप्त डाक-टिकट लगाई गई हैं (कृपया ध्यान रहे कि किसी भी कम भुगतान वाली डाक को हांगकांग डाक द्वारा रद्दी में फेंक दिया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि EDB आवेदन प्राप्त होने की तारीख से 10 दिन के भीतर एक रसीद जारी करेगा।)
- पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र की एक फोटोकॉपी सुरक्षित रखी गई है

जमा करने का तरीका

- **1. डाक द्वारा :**

EDB **को भेजें (पता:** P.O. Box 23179, Wan Chai Post Office, Hong Kong)

कृपया वैध सहायक दस्तावेजों की प्रति को सलंग्न करना याद रखें, पता प्रदान करें और लिफ़ाफ़े पर पर्याप्त डाक-टिकट चिपकाएँ।

"आवेदन की स्वीकृति" **आवेदन की प्राप्ति की तारीख से 10 कामकाजी दिनों के भीतर आवेदक को जारी कर दी जायेगी**

यदि स्थानीय मोबाइल नंबर प्रदान किया गया है: स्वीकृति SMS के द्वारा; अन्यथा, स्वीकृति डाक द्वारा लिखित रूप में दी जायेगी।

- **2. ड्राप-इन बॉक्स (व्यक्तिगत रूप से ड्राप–इन करना; ड्रॉप-इन बॉक्स के खुलने का समय: सोमवार से शुक्रवार सुबह 8:30 a.m. से 6:00 p.m.):**

14/F, Wu Chung House, 213 Queen's Road East, Wan Chai, HK

[पूछताछ के लिए, कृपया कार्य घंटों के दौरान EDB को कॉल करें: सोमवार से शुक्रवार 8:30 a.m से 1:00 p.m , 2:00 p.m से 6:00 p.m तक, शनिवार, रविवार और सार्वजनिक अवकाशों पर बंद)]

KG दाखिले के पंजीकरण सर्टिफिकेट के लिए इलेक्ट्रॉनिक आवेदन पत्र

- 3. ऑनलाइन जमा करना (https://eform.cefs.gov.hk/form/edb005/en/)

GovHK 香港政府一站通

SC-605-3-EDB005-001 | Text Size | 繁 简

Application for Registration Certificate for Kindergarten Admission

1) Introduction
2) Part I - Particulars of Applicant
3) Part II - Particulars of student(s)
4) Part III - Other Special Family Information (Applicable for student who is NOT a child of yours)
5) Part IV - Language of Correspondence
6) Supporting Documents
7) Important Announcement

Education Bureau
The Government of the Hong Kong Special Administrative Region of the People's Republic of China

Important Announcement

After submission of on-line application, applicant is required to submit the duly signed “Declaration and Undertaking” (the said document is enclosed in the acknowledgement slip and please download/ print it out) to the Kindergarten Administration 2 Section of Education Bureau (Address: P.O. Box 23179, Wan Chai Post Office, Hong Kong) within 10 working days to facilitate the Education Bureau in processing your applications.

Notes / Required items

1. Please **refrain from** using public computer to submit on-line application for the sake of personal data protection.
2. In general, it takes 15-20 minutes to complete on-line application.
3. Please make digital copy of identity documents (Format: jpg, jpeg, png or pdf; total size not more than 4.0mb) of applicant (i.e. parent/ guardian of student(s)) and student(s) ready before application.
4. For printing of “Acknowledge Slip” and the enclosed "Declaration and Undertaking" after completion of on-line application, please use computer device installed with a printer.
5. Please provide your email address if you want to receive acknowledgement email for future reference. (Note : “Declaration and Undertaking” will not be attached in the e-mail.)

ऑनलाइन सबमिशन के समय ध्यान देने योग्य बिंदु

- कृपया आवेदन करने से पहले आवेदक (i.e. बच्चे के माता-पिता/ अभिभावक) और बच्चों के **पहचान दस्तावेज़ों की एक डिजिटल कॉपी** (प्रारूप: jpg, jpeg, png या pdf; जिसका कुल साइज 4.0mb से ज्यादा न हो) तैयार करें।
- इलेक्ट्रॉनिक आवेदन फॉर्म को ऑनलाइन जमा करवाने के बाद "Acknowledge Slip" और संलग्न "Undertaking and Declaration" के प्रिंट के लिए (यदि आवश्यक हो तो), कृपया **प्रिंटर के साथ स्थापित कंप्यूटर डिवाइस का उपयोग करें**।
- जमा करने से पहले, कृपया सुनिश्चित करें कि इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म सही तरीके से भरा गया है।

ऑनलाइन सबमिशन के समय ध्यान देने योग्य बिंदु

- आवेदक जिन्होंने "iAM Smart+" के माध्यम से डिजिटल हस्ताक्षर के उपयोग को चुना है, कृपया सुनिश्चित करें कि आपने पहले ही "iAM Smart+" को सफलतापूर्वक अपग्रेड कर लिया है (विवरण के लिए, कृपया "iAM Smart" website देखें: https://www.iamsmart.gov.hk/en/reg.html).
- आवेदक जो विधिवत हस्ताक्षरित "Undertaking and Declaration" को डाक द्‌वारा जमा करने का चयन करना चाहते हैं, वे कृपया अपने आवेदन पर EDB की कार्यवाही की सुविधा के लिए, आवेदन को ऑनलाइन जमा करवाने के 10 कामकाजी दिनों के भीतर दस्तावेज ("Acknowledge Slip" में सलंग्न हैं और कृपया डाउनलोड करें/प्रिंट लें) EDB के Kindergarten Administration 2 Section (Address: P.O. Box 23179, Wan Chai Post Office, Hong Kong) पर जमा करवाएं।
- यदि आप स्वीकृति को ईमेल के माध्यम से पाना चाहते हैं तो कृपया अपना ईमेल पता प्रदान करें।

उपाय

	कागज़-फ़ॉर्म अनुप्रयोग		ई-आवेदन पत्र	
आवेदन विधि	आवश्यक दस्तावेज़ों की प्रतियों के साथ भरा हुआ आवेदन पत्र: ● किंडरगार्टन प्रशासन 2 खंड, EDB को डाक द्वारा भेजें ● 14/F, Wu Chung House, 213 Queen's Road East, Wan Chai, Hong Kong के ड्रॉप-इन बॉक्स में डालें।		● iAM Smart मोबाइल ऐप के माध्यम से ई-आवेदन जमा करना ● ई-आवेदन फॉर्म ऑनलाइन भरें और जमा करें	
आवेदन परिणाम और जारी करने की व्यवस्था	पहले	डाक द्वारा जारी ● RC (मूल) ● RC का उपयोग करते समय ध्यान देने योग्य बातें 	पहले	(बाएं ओर दिए अनुसार ही)
	जून 2025 से	डाक द्वारा उत्तर ● e-RC की मुद्रित प्रति ● e-RC का उपयोग करते समय ध्यान देने योग्य बातें 	जून 2025 से	ईमेल द्वारा उत्तर, जिसमें शामिल हैं: ● एक e-RC (PDF प्रारूप) ● एक एन्क्रिप्टेड QR कोड ● e-RC का उपयोग करते समय ध्यान देने योग्य बातें 

कौन सा तेज़ है?
ई-एप्लिकेशन या पेपर-आधारित एप्लिकेशन

- नोट: यदि आवेदक "iAM Smart+" के साथ डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ई-एप्लिकेशन सबमिट करते हैं, और आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज सभी उपलब्ध और मान्य हैं, तो सामान्य स्थिति में, ई-एप्लिकेशन के लिए प्रसंस्करण प्रक्रिया पेपर-आधारित अनुप्रयोगों की तुलना में तेजी से पूरी की जाएगी।

उपाय

(3) “प्रत्येक बच्चे के लिए एक से अधिक स्थान नहीं” उपाय

वैध पंजीकरण के दस्तावेज़

KG दाखिले (RC) के लिए पंजीकरण सर्टिफिकेट

उन बच्चों के लिए जो अनुदानित KG शिक्षा को पाने के योग्य हैं

- बच्चे का निवास के अधिकार के साथ हांगकांग का निवासी होना अनिवार्य है, जिसके पास भूमि का अधिकार या हांगकांग में रहने के लिए बिना शर्त वैध अनुमति (रहने की मियाद के अलावा) हो|
- सामान्यतया RC की वैधता तीन साल है|

उपाय

(3) “प्रत्येक बच्चे के लिए एक से अधिक स्थान नहीं” उपाय

वैध पंजीकरण के दस्तावेज़

KG दाखिले (RC) के लिए पंजीकरण सर्टिफिकेट

उन बच्चों के लिए जो अनुदानित KG शिक्षा को पाने के योग्य हैं

- यदि व्यक्तिगत विवेक (जैसे कि बच्चे की व्यक्तिगत स्थिति, पारिवारिक कारक, स्कूल में बदलाव, इत्यादि) के कारण माता-पिता अपने बच्चों को 3 साल से अधिक के लिए KG शिक्षा प्राप्त करवाने की व्यवस्था करते हैं, तो माता-पिता को योजना के तहत मिलने वाली अनुदान की कटौती से पहले पूरी स्कूल फीस का भुगतान करना होगा।

उपाय

(3) "प्रत्येक बच्चे के लिए एक से अधिक स्थान नहीं" उपाय

वैध पंजीकरण के दस्तावेज़

KG दाखिले (RC) के लिए पंजीकरण सर्टिफिकेट

उन बच्चों के लिए जो अनुदानित KG शिक्षा को पाने के योग्य हैं

- RC की वैधता की अवधि के विस्तार पर केवल विशेष जरूरतों वाले छात्रों के लिए EDB मामला-दर-मामला के आधार पर विचार करेगा। आवेदक को प्रासंगिक प्रमाण प्रदान करने की आवश्यकता है, उदाहरण के लिए, एक प्रासंगिक पंजीकृत चिकित्सक या विशेषज्ञ (जैसे कि बाल-रोग विशेषज्ञ, मनोरोग विशेषज्ञ, शैक्षिक मनोवैज्ञानिक, नैदानिक मनोवैज्ञानिक, इत्यादि) दवारा जारी एक मूल्यांकन रिपोर्ट जो कि सामान्य तीन वर्षों से अधिक समय के लिए KG शिक्षा को पाने की बच्चे की विशेष आवश्यकताओं की पुष्टि करती हो।
- जब माता-पिता अपने बच्चों को 3 वर्ष से अधिक समय के लिए KG शिक्षा प्राप्त करने की व्यवस्था को लेकर अपनी इच्छा दिखाते हैं तो KGs को उपरोक्त बिंदुओं के बारे में माता-पिता को लिखित रूप में ध्यान में रखने के लिए सूचित करना चाहिए।

उपाय

(3) "प्रत्येक बच्चे के लिए एक से अधिक स्थान नहीं" उपाय

वैध पंजीकरण के दस्तावेज़

KG दाखिले (RC) के लिए पंजीकरण सर्टिफिकेट

उन बच्चों के लिए जो अनुदानित KG शिक्षा को पाने के योग्य हैं

- एक महीने के लिए अनुदान के साथ वितरित की जाने वाली स्कीम-KG के लिए KG में पढ़ने वाले योग्य छात्र ने उस महीने में कक्षाओं में भाग जरूर लिया हो।
- सामान्य तौर पर, यदि छात्र **पूरे महीने स्कूल में अनुपस्थित रहा है** (यानी कि किसी विशिष्ट महीने के सभी दिनों की अनुपस्थिति), तो उस महीने संबंधित KG छात्र को इस अनुदान का भुगतान नहीं किया जाएगा; **योजना के तहत अनुदान की कटौती से पहले** माता-पिता को, जैसा कि KG के उस "Fees Certificate" में दर्शाया गया है जिसमें बच्चा दाखिल है, उसके अनुसार **भुगतान करना होगा**।

उपाय

(3) "प्रत्येक बच्चे के लिए एक से अधिक स्थान नहीं" उपाय

वैध पंजीकरण के दस्तावेज़

KG दाखिले (RC) के लिए पंजीकरण सर्टिफिकेट

उन बच्चों के लिए जो अनुदानित KG शिक्षा को पाने के योग्य हैं

- यदि कोई विशेष परिस्थितियाँ होती हैं (जैसे कि बीमारी के कारण पूरे महीने में अनुपस्थिति), तो माता-पिता के द्वारा तर्कसंगत और दस्तावेजी प्रमाण (जिसमें महीने के सभी स्कूल के अनुपस्थिति के दिनों को शामिल किया गया हो) प्रस्तुत करने पर, स्कूल EDB को अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक मामले पर उसके व्यक्तिगत गुण-दोष के आधार पर विचार किया जाएगा। दूसरा उदाहरण लेते हैं, यदि छात्र की पूरे महीने अनुपस्थिति यात्रा के कारण हुई हो, तो ऐसे मामलों में अनुदान का वितरण नहीं किया जाएगा।

नमूना - KG दाखिले के लिए पंजीकरण सर्टिफिकेट

(उन बच्चों के लिए जो अनुदान प्राप्त KG शिक्षा प्राप्त करने के योग्य हैं)

編號 :
Serial No: 25XXXXXX

幼稚園入學註冊證
Registration Certificate for Kindergarten Admission

此註冊證供以下兒童登記入讀幼稚園之用。
This Registration Certificate serves as the registration document for kindergarten admission for the following child.

中文姓名 : 陳大文
English Name : CHAN TAI MAN

證件類別/ 編號 Document Type / No. :
香港身份證
Hong Kong Identity Card / S1234562

出生日期 Date of Birth (dd/mm/yyyy) : 08/11/2022

[本註冊證在2025/26學年起開始生效，直至2027/28學年完結為止。
This Registration Certificate is valid from the start of the 2025/26 school year up to the end of the 2027/28 school year.]

(請小心細閱列於背頁的重要事項)
(Please read carefully the list of important points overleaf)

中華人民共和國香港特別行政區政府
教育局
Education Bureau
The Government of the Hong Kong Special Administrative Region of the People's Republic of China

14/07/2025
發出日期
Date of Issue

सामान्य रूप में RC की वैधता अवधि तीन वर्ष होती है।

उपाय

(3) "प्रत्येक बच्चे के लिए एक से अधिक स्थान नहीं" उपाय

वैध पंजीकरण के दस्तावेज़

किंडरगार्टन दाखिला पास (AP)	बच्चे जो अनुदानित KG शिक्षा को पाने के योग्य नहीं हैं

उदाहरण के लिए :

- गैर-स्थानीय बच्चे (जो कि आप्रवासन के निदेशक की अनुमति को पाकर HK में शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं):
  - किसी प्रकार की पहचान का धारक
  - जिसके माता-पिता के पास छात्र वीजा हो
- वे छात्र जो 4th वर्ष की KG शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं लेकिन RC की वैधता को बढ़ाने के लिए अनुमोदित नहीं हैं

नमूना- किंडरगार्टन दाखिला पास

(बच्चे जो अनुदानित KG शिक्षा को पाने के योग्य **नहीं** हैं)

編號：
Serial No: 25XXXXXX

幼稚園入學許可書

Kindergarten Admission Pass

此入學許可書供以下兒童登記入讀幼稚園之用。
This Admission Pass serves as the registration document for kindergarten admission for the following child.

中文姓名： 陳大文

English Name : CHAN TAI MAN

證件類別／編號 Document Type / No. :
難民/尋求政治庇護/擔保書/酷刑聲請
Minor of Refugee, Asylum Seeker, Form of Recognizance or Torture Claimant / C0123062

出生日期 Date of Birth (dd/mm/yyyy) : 01/05/2020

[本入學許可書在2024年11月起開始生效，直至2025/26學年完結為止。
This Admission Pass is valid from the month of November in 2024 up to the end of the 2025/26 school year.]

(請小心細閱列於背頁的重要事項)
(Please read carefully the list of important points overleaf)

中華人民共和國香港特別行政區政府
教育局
Education Bureau
The Government of the Hong Kong Special Administrative Region of the People's Republic of China

28/07/2025
發出日期
Date of Issue

उपाय

(3) "प्रत्येक बच्चे के लिए एक से अधिक स्थान नहीं" उपाय

- अभिभावकों को केंद्रीकृत पंजीकरण तिथियों के दौरान पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने के लिए QR कोड स्कैन करने हेतु KG को e-RC/AP उपलब्ध कराना होगा।
- माता-पिता को RC के लिए सितम्बर से नवंबर तक EDB को आवेदन देने की आवश्यकता है। आवेदन के विवरण को इस वर्ष सितम्बर में या इससे पहले घोषित किया जाएगा और EDB की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।
- सभी आवश्यक जानकारी और दस्तावेज प्रदान किए जाने के साथ आवेदन प्राप्त होने पर, EDB को आवेदनों की प्रक्रिया पूरी करने में सामान्यतः छह से आठ सप्ताह का समय लगेगा और उन आवेदकों को एन्क्रिप्टेड QR कोड के साथ e-RC जारी की जाएगी, जो योजना के अंतर्गत सब्सिडी प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। यह कार्य ईमेल (ई-आवेदनों के लिए) या डाक (डाक/व्यक्तिगत रूप से आवेदन के लिए) द्वारा किया जाएगा।
- यदि कोई बच्चा RC प्राप्त नहीं कर सकता है पर वह हांगकांग में शिक्षा प्राप्त कर सकता है लेकिन योजना के तहत अनुदान पाने के योग्य नहीं है:
  - EDB संबंधित बच्चे को एन्क्रिप्टेड QR कोड के साथ एक AP जारी करेगा।
  - बच्चे AP का उपयोग स्कीम-KG में पंजीकरण और दाखिले के लिए कर सकते हैं।
  - योजना के तहत अनुदान की कटौती से पहले माता-पिता को, जैसा कि Fees Certificate में दर्शाया गया है, उसके अनुसार स्कूल की पूरी फीस का भुगतान करना होगा

प्रत्येक पात्र बच्चे के लिए केवल एक RC/AP जारी की जाएगी

- नोट: सामान्य तौर पर, आवेदक बच्चे के माता-पिता में से एक होना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि माता-पिता या अभिभावकों में से केवल एक ही पात्र बच्चे के लिए एक बार ही आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। आवेदन प्रस्तुत करने से पहले, माता-पिता को अपने साथी/पति/पत्नी (अलग/कानूनी रूप से तलाकशुदा पूर्व पति/पत्नी सहित) और अन्य अभिभावक (यदि लागू हो) के साथ एक समझौता करना चाहिए कि आप में से कोई एक संबंधित बच्चे के लिए RC/AP के लिए आवेदन करेगा। यदि कोई आवेदक या अन्य प्रासंगिक व्यक्ति एक ही बच्चे के लिए एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत करता है, तो डुप्लिकेट आवेदनों पर कार्रवाई नहीं की जाएगी।

अस्थायी पंजीकरण पत्र

(आवेदन नवंबर से शुरू होते हैं)

- मुख्यतः अस्थायी पंजीकरण के लिए जब अन्य KG में स्थानान्तरण/ उसी KG में K1 की पुनरावृत्ति हो
- आधिकारिक रूप से KG में भाग लेने के 1st दिन को या उससे पहले RC या AP द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए
- यदि आवश्यकता हो तो अधिक विवरण के लिए EDB की हॉटलाइन पर फोन करे

आवेदन की प्रक्रिया – ध्यान देने योग्य बिंदु

- माता-पिता को अलग-अलग KGs की आवश्यकताओं के अनुरूप आवेदन पत्रों को लेना और जमा करना चाहिए।
- स्कीम-KGs अनुमोदित सीमा से अधिक फीस एकत्रित नहीं कर सकते।

पंजीकरण प्रक्रिया – ध्यान देने योग्य बिंदु

- पंजीकरण पूरा करने के लिए, अभिभावकों को निम्नलिखित सामग्री संबंधित KG को केंद्रीकृत पंजीकरण तिथियों (आम तौर पर जनवरी की शुरुआत में) के दौरान उपलब्ध करानी होगी
  - QR कोड के साथ इलेक्ट्रॉनिक RC/ AP; और
  - पंजीकरण शुल्क का भुगतान
- किसी भी रूप में केंद्रीकृत पंजीकरण तिथियों से पहले KGs को माता पिता से पंजीकरण की प्रक्रिया को पूरा नहीं करवाना चाहिए, या पंजीकृत फीस या अन्य फीस (उदाहरण के लिए स्कूल यूनिफार्म, चाय और नाश्ता आदि खरीदने के लिए) नहीं दिलवानी चाहिए।
- स्कीम-KGs अनुमोदित सीमा से अधिक फीस एकत्रित नहीं कर सकते।
- यदि अभिभावक पंजीकरण के बाद किसी अन्य KG में जाना चाहते हैं, तो उन्हें उस KG को, जहाँ उन्होंने पंजीकरण कराया है, e-RC पर QR-कोड स्कैन करने की अनुमति देनी चाहिए ताकि पंजीकरण रद्द किया जा सके या KG से पंजीकरण दस्तावेज़ प्राप्त किया जा सके। KG को जल्द से जल्द पंजीकरण रद्द करने की प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए या पंजीकरण दस्तावेज़ अभिभावकों को वापस कर देना चाहिए। सामान्यतः, भुगतान किया गया पंजीकरण शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।
- कोई भी बच्चा जो पंजीकरण शुल्क का भुगतान करता है और तत्पश्चात बच्चे से स्कूल की 1st किश्त, यदि कोई हो तो, प्राप्त करने के बाद संबंधित स्कूल वर्ष के 1st महीने के भीतर जगह लेता है, तो ऐसे बच्चे को पंजीकरण शुल्क वापस किया जाना चाहिए।

पंजीकरण प्रक्रिया – ध्यान देने योग्य बिंदु

- यदि माता-पिता अपनी स्वयं की परिस्थितियों के कारण अपने बच्चों के K1 अध्ययन को एक वर्ष के लिए स्थगित करने का निर्णय लेते हैं, तो उन्हें RC को EDB को, यह कहते हुए कि RC रद्द होनी चाहिए, वापिस कर देना चाहिए। माता-पिता अगले वर्ष पुनः एक आवेदन जमा करवा सकते हैं, EDB पुनः 3 वर्ष की वैध अवधि के लिए एक RC जारी करेगा।

- कृपया ध्यान दें कि वापस की गई RC का उपयोग KG शिक्षा के लिए अनुदान प्राप्ति के लिए नहीं किया गया हो।

उपाय

(4) चीनी भाषा न बोलने वाले (NCS) बच्चों के लिए दाखिले में सहायता

KGs द्वारा सभी बच्चों को KGs में दाखिले के लिए अवश्य रूप से समान अवसर प्रदान किये जाने चाहिए (चाहें उनकी नस्ल, लिंग और योग्यता कुछ भी हो)।

- KGs को K1 दाखिले की व्यवस्थाओं की प्रासंगिक जानकारी चीनी और अंग्रेजी दोनों संस्करणों में प्रदान करनी होगी।
- NCS का बच्चों के माता-पिता को जानकारी का अंग्रेजी संस्करण उपलब्ध करवाने की सुविधा हेतु स्कूल की वेबसाइट के होम-पेज पर आइकन बनाना या अंग्रेजी में सरल संदेश लिखना।
- स्कूल की वेबसाइट पर (1) KGs में K1 के दाखिले की व्यवस्थाओं पर EDB's की वेबसाइट पर अंग्रेजी संस्करण के लिए लिंक प्रदान करना और (2) "KGs और KG-सह-बाल देखभाल केंद्रों की प्रोफाइल" में KG's के स्कूल की जानकारी को दर्शाने वाले वेबपेज के लिंक प्रदान करना।

उपाय

(4) चीनी भाषा न बोलने वाले (NCS) बच्चों के लिए दाखिले में सहायता

- NCS बच्चों को KG's सहायता की जानकारी देना, NCS बच्चों के माता-पिता के लिए स्कूल की वेबसाइट पर पूछताछ के लिए टेलीफोन नंबर और ईमेल पता प्रदान करना।
- यदि NCS बच्चों/माता-पिता के लिए साक्षात्कार की व्यवस्था की जाती है, तो KGs को आवश्यकतानुसार आवेदकों के लिए व्याख्या और/या अनुवाद-सेवा की व्यवस्था करनी चाहिए, या संवाद की सुविधा के लिए साक्षात्कार के दौरान माता-पिता और बच्चों को किसी चीनी भाषा बोलने वाले रिश्तेदार/दोस्त को साथ में लाने की अनुमति देनी चाहिए। KGs को NCS बच्चों के माता-पिता को सूचित करने के लिए स्कूल की वेबसाइट पर उपरोक्त दी गई साक्षात्कार की व्यवस्था के बारे में स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि उपरोक्त सहायता की पेशकश की जा सकती है। आवश्यकता पड़ने पर माता-पिता प्रासंगिक सेवाओं की व्यवस्था के लिए KGs से सहायता लेने की पहल कर सकते हैं।

सेंटर फॉर हार्मनी एंड एन्हांसमेंट ऑफ़ एथनिक माइनोरिटी रेसीडेंटस(CHEER सेंटर)

- **गृह मामलों के विभाग द्वारा-वित्तपोषित “सेंटर फॉर हार्मनी एंड एन्हांसमेंट ऑफ़ एथनिक माइनोरिटी रेसिडेंट्स (CHEER)” द्वारा प्रदान की जाने वाली जातीय अल्पसंख्यक भाषाओं में निःशुल्क टेलीफोन व्याख्या सेवा। निःशुल्क टेलीफोन व्याख्या सेवा की हॉटलाइन्स हैं:**
  - 3755 6811 (बहासा इंडोनेशिया)
  - 3755 6822 (नेपाली)
  - 3755 6833 (उर्दू)
  - 3755 6844 (पंजाबी)
  - 3755 6855 (टैगलॉग)
  - 3755 6866 (थाई)
  - 3755 6877 (हिंदी)
  - 3755 6888 (वियतनामी)

HKCS CHEER
Centre for Harmony and Enhancement of Ethnic Minority Residents

- **अन्य व्याख्या और अनुवाद सेवायें:**
  - **यदि आवश्यक लगे तो स्कूल संबंधित सेवाओं के विषय में और अधिक समझ प्राप्त करने के लिए CHEER से सीधे संपर्क स्थापित कर सकते हैं। कृपया विवरण के लिए निम्नलिखित वेबपेज का संदर्भ लें:**
  - http://hkcscheer.net/interpretation-and-translation-services

उपाय

(4) चीनी भाषा न बोलने वाले (NCS) बच्चों के लिए दाखिले में सहायता

- NCS के बच्चों के माता-पिता को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे चीनी भाषा सीखने की सुविधा के लिए अपने बच्चों को जल्द से जल्द किसी चीनी भाषा से घिरे हुए माहौल वाले KGs में भेजें। इस संबंध में सरकार ने KGs में NCS बच्चों के लिए सहायता उपायों की एक श्रृंखला तैयार की है।

- चीनी न बोलने वाले बच्चों की सहायता के लिए प्रासंगिक उपायों को प्रस्तुत करने के लिए एक प्रपत्र तैयार किया गया है। उपरोक्त बताये गए प्रपत्र को विभिन्न अन्य प्रमुख भाषाओं में EDB की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है: https://www.edb.gov.hk/k1-admission_e

- NCS छात्रों के लिए संबंधित सहायता के बारे में और अधिक जानकारी/संसाधन उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

उपाय

(4) चीनी भाषा न बोलने वाले (NCS) बच्चों के लिए दाखिले में सहायता

चीनी न बोलने वाले बच्चों की सहायता के लिए प्रपत्र

Education Bureau
The Government of the
Hong Kong Special Administrative Region
of the People's Republic of China

Kindergarten Education Policy Support for Non-Chinese Speaking Children

Non-Chinese speaking (NCS) children's early start in learning the Chinese language will facilitate their adaptation to mainstream curriculum and integration into the local community. Parents of NCS children are encouraged to send their children to kindergartens (KGs) with an immersed Chinese language environment as early as possible to facilitate their learning of the Chinese language. In this connection, the Government has rolled out a series of support measures for NCS children in KGs.

(2022 updated version)

Support Measures for Non-Chinese Speaking Children in Kindergartens

Admission to KGs

- All KGs must ensure equal opportunities in admission for all children regardless of their race, gender and ability and their school-based admission mechanism should be fair, just, open and comply with the anti-discrimination ordinances.
- KGs are reminded to provide both Chinese and English versions of their application forms and relevant information, and to create an icon or provide a simple message in English on the school webpage to facilitate parents' access to the English version of the information. KGs are also reminded to state explicitly on the school website that if interviews are arranged for NCS children, KGs should arrange interpretation and/or translation service for applicants where necessary or allow parents and children to be accompanied by a Chinese speaking relative/friend during the interview to facilitate communication. KGs should provide the information on the school's support to NCS children, enquiry telephone number and email address for parents of NCS children on the school website.
- Parent seminars on Nursery (K1) admission are organised for parents of NCS children annually. Interpretation service is provided as appropriate.
- Relevant materials published by Education Bureau (EDB), such as leaflets, posters, application form and guidance notes on "Application for Registration Certificate for KG Admission" as well as the subtitles of publicity announcements, have been translated into languages of diverse race.
- The KG Profile, which is published in both English and Chinese, provides a wide range of school information, including support to NCS students, which serves as useful reference for parents in making school choices.
- Should individual NCS children encounter genuine difficulties in seeking admission to KGs, EDB will make referrals, as appropriate, to KGs joining the KG education scheme (Scheme-KGs) that have vacancies.

Catering for NCS Students' Needs

- To support KGs in catering for the needs of NCS students, different school-based support services are offered. KGs admitting NCS students may apply for the relevant services according to their school development needs.
- Professional training programmes are offered for KG teachers on teaching and learning of Chinese for NCS students.
- Starting from the 2019/20 school year, we have refined the additional subsidy on support to NCS students. A 5-tiered subsidy is provided to Scheme-KGs according to the number of NCS students admitted to facilitate their support for NCS students. KGs admitting 1 NCS student also receive the subsidy. The full-year provision of the highest tier in the 2021/22 school year is about $800,000.
- To help KGs strengthen communication with parents of NCS students, a set of Communication Cue Cards with audio files and a set of templates for commonly used school circulars have been translated into languages of diverse race for use of KGs.
- The KG Education Curriculum Guide sets out the direction and principles for facilitating the integration of NCS students into the local school settings, as well as introducing specific strategies and relevant resources on how teachers can help NCS students learn Chinese.

Other Information

For further information or assistance, please contact EDB:

Telephones of Regional Educational Offices:	
(HK) 2863 4646	(NTE) 2639 4876
(KLN) 3698 4108	(NTW) 2437 7272
Telephone of Joint Office for Kindergartens and Child Care Centres:	
3107 2197	
Hotline for parents of NCS children on admission to KGs:	
2892 6676	

Other relevant websites:

KG Education Scheme
http://www.edb.gov.hk/free-quality-kg-edu_en

Admission Arrangements for Nursery (K1) Classes in KGs
http://www.edb.gov.hk/k1-admission_e

KG Profile
http://www.chsc.hk/kindergarten/en

Education Services for NCS Students
http://www.edb.gov.hk/ncs

उपाय

(4) चीनी भाषा न बोलने वाले (NCS) बच्चों के लिए दाखिले में सहायता

- जितना जल्द NCS बच्चे स्कूल जाना शुरू करते हैं या सीखने में सहायता प्राप्त करते हैं, उनका सीखना उतना ही अधिक प्रभावी होगा।
- NCS बच्चे जो कि KGs में चीनियों के साथ निर्देश के माध्यम (MOI) में पढ़े उन्होंने चीनी भाषा में बेहतर प्रदर्शन किया उन NCS छात्रों की तुलना में जिन्होंने KGs में अंग्रेजी वाले MOI के साथ अध्ययन किया।
- माता-पिता को चीनी भाषा सीखने में बच्चों के विशेष समय का सदुपयोग करने और एक भाषा-समृद्ध वातावरण वाले स्कूल पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो परीक्षण, अन्वेषण और पारस्परिक बातचीत के माध्यम से प्रमाणिक, सार्थक और विकासात्मक रूप से उपयुक्त भाषा सीखने के अनुभवों के साथ बच्चों को चीनी भाषा सीखने की सुविधा प्रदान करेगा।

उपाय

(5) रिक्तियों की सूचना जारी करना

- EDB एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म के माध्यम से केंद्रीकृत पंजीकरण तिथियों के लगभग एक हफ्ते के बाद K1-K3 रिक्तियों पर KGs से जानकारी एकत्र करेगा और विभिन्न जिलों में KGs की सूची प्रकाशित करेगा (आमतौर पर जनवरी के अंत / फरवरी की शुरुआत में)|

- केवल व्यक्तिगत KGs की रिक्ति स्थिति को जारी किया जाएगा लेकिन व्यक्तिगत KGs की रिक्ति की संख्याओं को नहीं|

School Name		Telephone	Vacancies
1.	AAA KG	XXXX XXXX	Y
2.	BBB KG	XXXX XXXX	N
3.	CCC KG	XXXX XXXX	P

Y – रिक्ति के साथ
N – रिक्ति के बगैर
P – प्रतीक्षा सूची के आवेदन संसाधित किये जा रहे हैं

उपाय

(6) बच्चों के लिए रेफरल व्यवस्था

KG छात्रों का दाखिला एक स्कूल आधारित मामला है

- माता-पिता अपने बच्चों की जरूरतों के अनुसार स्वयं K1 स्थान के लिए आवेदन करते हैं; और
- EDB माता-पिता की सहायता के लिए प्रासंगिक जानकारी प्रदान करता है

विशेष परिस्थितियों में, EDB रेफरल को उचित बनाएगा यदि व्यक्तिगत बच्चे (अर्थात जिनको विकासीय देरी का खतरा है और NCS बच्चे) दाखिले के आवेदन में कठिनाई पाते हैं:

- K1 स्थान: अप्रैल से शुरू
- K2 & K3 स्थान: जुलाई से शुरू
- क्षेत्रीय शैक्षिक कार्यालय और किंडरगार्टन और बाल देखभाल केंद्रों के संयुक्त कार्यालय द्वारा

K1 दाखिले की व्यवस्था का फ्लोचार्ट

K1 दाखिले की व्यवस्था का फ्लोचार्ट

माता-पिता EDB को सितम्बर से नवम्बर में RC के लिए आवेदन करते हैं

सभी आवश्यक जानकारी और दस्तावेज प्रदान किए जाने के साथ आवेदन प्राप्त होने पर, EDB को आवेदनों की प्रक्रिया पूरी करने और अभिभावकों को ईमेल (ई-आवेदनों के लिए) या डाक द्वारा (डाक/व्यक्तिगत रूप से आवेदन के लिए) एन्क्रिप्टेड QR कोड युक्त इलेक्ट्रॉनिक RC/AP ("e-RC/AP") जारी करने में आम तौर पर छह से आठ सप्ताह का समय लगेगा

KGs आगामी स्कूल वर्ष के K1 दाखिले के आवेदनों की प्रक्रिया करते हैं

KGs माता-पिता को आवेदन के परिणाम मध्य-दिसंबर से पहले बता देता है

यदि आवेदन सफल होता है

अभिभावक केंद्रीयकृत पंजीकरण तिथियों (आम तौर पर जनवरी की शुरुआत में) के दौरान एक KG में पंजीकरण करते हैं, जिससे KG को e-RC / AP पर QR कोड स्कैन करने की अनुमति मिलती है और पंजीकरण शुल्क अदा किया जाता है

यदि आवेदन सफल नहीं होता है

केन्द्रीयकृत पंजीकरण दिनांक के बाद अभिभावक EDB द्वारा जारी K1-K3 रिक्तियों की सूचना का संदर्भ लें (अर्थात सामान्य तौर पर जनवरी के आखिर से / फरवरी की शुरुआत) और अन्य KGs में दाखिले के लिए आवेदन करें

किंडरगार्टन और किंडरगार्टन-सह-बाल देखभाल केंद्रों का प्रोफाइल

- सलाना अद्यतन अक्टूबर में किया जाना है

(www.chsc.hk/kindergarten/en)

पूछताछ



- वह EDB –
  - वेबसाइट : https://www.edb.gov.hk/k1-admission_e

हॉटलाइन: 3540 6808 / 3540 6811	
NCS बच्चों के माता-पिता के लिए हॉटलाइन : 2892 6676	
सोमवार से शुक्रवार	8:30 am से 1:00 pm 2:00 pm से 6:00 pm
शनिवार, रविवार और सार्वजनिक अवकाश	बंद

- 24-घंटे ऑटोमेटिक टेलीफोन इन्क्वायरी सिस्टम: 2891 0088
- क्षेत्रीय शिक्षा कार्यालय या किंडरगार्टन और बाल देखभाल केंद्रों के लिए संयुक्त कार्यालय